हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 24 जून 2026

13 नहरी विभाग पर बरसे किसान एसई दफ्तर का किया घेराव



14 शहरवासियों के लिए जी का जंजाल बना स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट



## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रतिया।** शहर में एक दुकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने चंद दिनों में ही भंडाफोड़ कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान करंडी निवासी आदेश कुमार पुत्र अमर सिंह के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया की प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि शक्ति नगर, रतिया निवासी संजीव कुमार पुत्र गोपी चंद ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### कर्मचारियों ने मांगें पूरी न करने पर जताया रोष

**फतेहाबाद।** सरकार ने 15 जून को कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी बिल लाने का आश्वासन दिया था और समय बीत जाने के बाद भी जॉब सिक्योरिटी ना मिलने पर भारी रोष नागरिक अस्पताल अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रकट किया। इसमें अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक कमेटी मेंबर फतेहाबाद के सुरेश जांगड़ा, हवा सिंह, राजकुमार, सुनील व हरजीत कंबोज बताया कि सरकार अभी भी उनके साथ मजाक कर रही हैं। जॉब सिक्योरिटी ऑफर लेटर 15 जून तक नहीं मिलने पर सभी कर्मचारी सरकार पर नाराजगी जताते हुए आज नागरिक अस्पताल के बाहर प्रदर्शन भी किया और सरकार मांगों को जल्द से जल्द पूरा करते हुए जोब सिक्योरिटी बिल लागू करें।

### अवैध शराब सहित दो युवक दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध रूप से बेची जा रही 58 बोतल अवैध शराब, 127 बोतल बीयर 64 बीयर के केन बरामद कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कागदाना पुलिस चौकी ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भादरा रोड पर बने एक होटल पर छापेमारी करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी सुनील निवासी गांव चाहरवाला व विकास निवासी गांव कागदाना को काबू कर उनके कब्जे से 34 बोतल अंग्रेजी शराब 24 बोतल देसी शराब, 127 बोतल बीयर तथा 64 बीयर केन बरामद किए हैं।

### हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों रुपए की 12 ग्राम 272 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सुखजीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान डबवाली रोड सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस की गाड़ी देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6 ग्राम 270 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान साहिल निवासी गांव कासनखेड़ा हाल डबवाली रोड़ सिरसा के रूप में हुई है।

---

शिकायतों के बाद खानापूर्ति के लिए जागा वन विभाग

# विभाग की लापरवाही : सड़क किनारे झुके पेड़ बने हादसों का कारण, अवैध कटों पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭चौपटा

क्षेत्र में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़क किनारे लगे कई पेड़ झुककर सड़क तक पहुंच गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतें करने के बावजूद वन विभाग सूखे और दुर्घटना की आशंका वाले पेड़ों को समय पर नहीं हटाता, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक ओर विभाग सूखे और खतरनाक पेड़ों को हटाने में लापरवाही बरत रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ स्थानों पर अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई कर रास्ते बनाए जाने के मामलों में भी विभाग की भूमिका संदिग्ध नजर आती है। ऐसे अवैध कटों के कारण वन क्षेत्र लगातार कम हो रहा है तथा इन रास्तों से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार अवैध रास्ता बनाने वाले लोगों को विभागीय कार्यालय में बुलाकर उनकी आवभगत की जाती है। इसके बाद कई मामलों में कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जाता है।

### ग्रामीणों का अरोप : कार्रवाई की बजाय मामलों को दबाया गया

#### शिकायत के बाद भी नहीं हटाए गए सूखे पेड़

ग्रामीण सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने सिरसा-भादरा रोड पर दुर्घटना की आशंका वाले सूखे और झुके पेड़ों को हटाने के लिए सीएम ग्रिवेंस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी। पहली शिकायत पर विभाग ने कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। इसके बाद दोबारा शिकायत दर्ज कराने पर विभाग ने कुछ झुके हुए और दुर्घटना का कारण बन रहे पेड़ों की कटाई तो करवाई, लेकिन अब भी कई सूखे पेड़ मौके पर खड़े हैं, जिन्हें हटाने की जरूरत है।

#### मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद कार्रवाई में दिखा सुधार

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता संभालने के बाद विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली में कुछ बदलाव देखने को मिला है। सुरेंद्र सिंह की शिकायत पर जिस प्रकार विभाग ने संज्ञान लिया, उससे यह संकेत मिलता है कि अब शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी शिकायतों को लंबे समय तक नजरअंदाज करते रहे हैं।



सिरसा। सिरसा-भादरा रोड पर झूके पेडों को काटते वन विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई एक की मौत, पांच घायल



**सिरसा।** जिले के डिंग थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। शव का सिरसा के नागरिक अस्पताल में मंगलवार को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह परिवार शादी समारोह से लौट रहा था। पुलिस के अनुसार डिंग थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। घायलों को अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां हिसार निवासी सोनू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में सुलोचना, वंदना, प्रीति, चार वर्षीय बच्ची वीणा तथा गाड़ी चालक कुलदीप शामिल है। मृतक सोनू हिसार का रहने वाला था, जबकि घायल सभी लोग फतेहाबाद जिले के दादुपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों में बच्ची वीणा और वंदना की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। डिंग थाना प्रभारी के अनुसार यह हादसा सोमवार रात को हुआ है और कार की गति तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

---

विवादों में आई फतेहाबाद पुलिस के बाद एसपी का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# अब हर बड़ी एफआईआर और छापेमारी पर रहेगी सीधी नजर रखेंगी एएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से फतेहाबाद पुलिस के अफसर विवादों में है जिसको लेकर एसपी निकिता खट्टर काफी गंभीर दिख रही है। मंगलवार को इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस बदलाव के तहत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण किया गया है, जिसमें सबसे अहम जिम्मेदारी आईपीएस अधिकारी एवं एएसपी दिव्यांशी सिंगला को सौंपी गई है। नए आदेशों के अनुसार एएसपी दिव्यांशी सिंगला को रतिया क्षेत्र के कार्यभार से मुक्त कर पूरे जिले की क्राइम यूनिट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वे अब जिला मुख्यालय फतेहाबाद में स्थायी रूप से बैठकर जिले में अपराध नियंत्रण से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी करेंगी। इससे पूर्व यह जिम्मेवारी डीएसपी कुलवंत सिंह के पास थी। डीएसपी को अब रतिया की जिम्मेवारी सौंपी गई है।



एसपी निकिता खट्टर।

### सीआईए व एंटी नारकोटिक्स सीधे एएसपी के अधीन



नई व्यवस्था के तहत जिले की सभी सीआईए यूनिटों और एंटी नारकोटिक्स सेल का संचालन सीधे एएसपी दिव्यांशी सिंगला के नेतृत्व में होगा। अब जिले में होने वाली महत्वपूर्ण छापेमार कार्रवाई, खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान, संगठित अपराधों की जांच और दर्ज होने वाली गंभीर एफआईआर की मॉनिटरिंग भी एएसपी स्तर से की जाएगी। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार अब किसी भी बड़े मामले में कार्रवाई और उसकी प्रगति पर उच्च स्तर से सीधी नजर रखी जाएगी, जिससे जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढने की उम्मीद है। वहीं, डीएसपी कुलवंत सिंह से जिला मुख्यालय और क्राइम यूनिट का कार्यभार वापस लेकर उन्हें रतिया क्षेत्र की कमान सौंपी गई है। अब तक रतिया क्षेत्र की जिम्मेदारी एएसपी दिव्यांशी सिंगला के पास थी।

### हालिया विवादों के बाद लिया गया फैसला

पुलिस विभाग में यह बदलाव ऐसे समय में किया गया है जब पिछले कुछ दिनों के दौरान पुलिस कर्मियों से जुड़े कई विवाद सामने आए हैं। फतेहाबाद शहर में ब्लैकमेलिंग प्रकरण में पुलिसकर्मियों की कथित संलिप्तता, सदर थाना मालखाने से शराब की पेटियों को कागजों में नष्ट दिखाने का मामला, टोहाना व भट्टू थाने में पुलिस कर्मचारियों के रिश्वत लेने के आरोप जैसे घटनाक्रमों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। इन्हीं घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का निर्णय लिया है। माना जा रहा है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद थानों की कार्यप्रणाली, जांच प्रक्रियाओं और संवेदनशील मामलों पर उच्च अधिकारियों की सीधी निगरानी बढ़ेगी, जिससे अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी।

### गैंगस्टरों से खतरे का हवाला, पूर्व एसएचओ को हिसार जेल नंबर-1 भेजने के आदेश

**फतेहाबाद।** सदर थाना के मालखाने में जब्त शराब की पेटियों से जुड़े मामले में गिरफ्तार तत्कालीन एसएचओ प्रहलाद सिंह की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को कोर्ट में पेशी के दौरान उनके अधिवक्ता ने सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एसएचओ के रूप में कार्यकाल के दौरान प्रहलाद सिंह ने कई गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया था। ऐसे में हिसार की जेल नंबर-2 में बंद किए जाने पर उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इस पर अदालत ने उन्हें जेल नंबर-1 में भेजने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि सामान्य तौर पर फतेहाबाद से गिरफ्तार किए गए आरोपियों को हिसार की जेल नंबर-2 में भेजा जाता है, लेकिन सुरक्षा कारणों को देखते हुए इस मामले में अलग व्यवस्था की गई है।

#### डीजीपी तक पहुंची शिकायत के बाद खुला मामला

सूत्रों के अनुसार मामले की शिकायत पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल तक पहुंचने के बाद एसपी निकिता खट्टर ने एएसपी दिव्यांशी सिंगला को सदर थाना मालखाने की जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। जांच के दौरान रिकॉर्ड में 211 शराब की पेटियों को नष्ट दिखाया गया, जबकि वास्तविकता में ये पेटियां थाने परिसर में खड़े एक कंटेनर में सुरक्षित मिलीं। मामले का खुलासा होने के बाद एसपी ने तत्कालीन एसएचओ प्रहलाद सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई, उन्हें निलंबित किया गया और पूरे सदर थाना स्टाफ का तबादला कर दिया गया।

#### कोर्ट में पेश किया गया 11 पेज का रिमांड पत्र

पुलिस की ओर से अदालत में 11 पृष्ठों का विस्तृत रिमांड आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें जांच के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख किया गया है। अब तक मालखाना मोहर्रर, सहायक मोहर्रर, सिपाही, चालक, होमगार्ड जवान समेत नौ कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। जांच के दायरे में कुछ होमगार्ड कर्मियों के नाम भी सामने आए हैं।

## युवक से दो मैगजीन और अवैध पिस्टल बरामद

- पुलिस को देखकर भागने की फिराक में था कुरुक्षेत्र का शातिर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में बेखौफ घूम रहे अवैध हथियार तस्करों और अपराधियों के खिलाफ सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नए बस अड्डा क्षेत्र में घेराबंदी करते हुए कुरुक्षेत्र के एक युवक को अवैध असलाह के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से एक अवैध 32 बोर की पिस्टल, दो जिंदा मैगजीन और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस अब इस बात की कड़ाई से तफ्तीश कर रही है कि क्या आरोपी शहर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम फतेहाबाद-बड़ोपल रोड पर गश्त और संदिग्धों की चेकिंग में जुटी थी। इसी दौरान बस अड्डे के सामने एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता नजर आया। जैसे ही उसकी नजर पुलिस की सरकारी गाड़ी पर पड़ी, उसके चेहरे की हवाइयां उड़ गई। युवक हड़बड़ाहट में पीछे मुड़ा और खेतों की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। लेकिन सीआईए के मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी की और उसे मौके पर ही दबोच लिया। जब पुलिस ने नियमानुसार आरोपी की तलाशी ली, तो उसके पास से एक अवैध 32 बोर की पिस्टल, दो मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान राहुल पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी गांव बारना, जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने हथियार को अपने कब्जे में ले लिया।



फतेहाबाद। अवैध हथियार सहित पकड़ा गया कुरूक्षेत्र का युवक।

#### मामला दर्ज

इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी हैं कि कुरुक्षेत्र का यह युवक फतेहाबाद में हथियार लेकर क्यों घूम रहा था। यह अवैध हथियार उसने किस सप्लायर से खरीदे और इसके पीछे किसी बड़े अंतरराज्यीय गैंग का हाथ है या नहीं, इन सभी पहलुओं पर गहनता से तफ्तीश की जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि इस गिरफ्तारी से हथियारों की तस्करी से जुड़े कई और बड़े चेहरों बेनकाब हो सकते हैं।

---

## एसआईआर : फतेहाबाद में प्रपत्र बांटने का काम 90 प्रतिशत पूरा

- पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत संबंधित अधिकारी प्रपत्र बांटने का कार्य में ओर अधिक तेजी लाएं। हालांकि जिले की टीम द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। 90 प्रतिशत से अधिक प्रपत्र बांटे जा चुके हैं। सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में कार्य की नियमित मॉनिटरिंग रखें। डीसी डॉ. विवेक भारती मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रपत्र बांटने के कार्य को जल्द शत प्रतिशत किया जाए, ताकि मतदाता को भरने में पर्याप्त समय मिल सके।

डीसी ने कहा कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में दर्ज न हो।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, तीन घायल, बुजुर्ग कोमा में

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

गांव हुक्मावली में करीब 15-20 दिन पहले करवाई गई जमीन की निशानदेही को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस झगड़े में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए जिनमें एक कोमा में चला गया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव हुक्मावली में कुछ दिन पहले जमीन की पैमाइश कर निशान लगाए गए थे जिसको लेकर कुछ दिनो से तरसेम व बादल में जमीनी विवाद चल रहा था। बताया गया है कि गत दिवस परमजीत सिंह निवासी लीलावाली, पंजाब ने उन निशानों को नष्ट कर दिया। इसी बात को लेकर बादल पुत्र बरियाम सिंह निवासी हुक्मावली और परमजीत के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इस लाठी-डंडे और मारपीट की घटना में दोनों पक्षों को चोटें आई। इसमें एक पक्ष से बादल गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे इलाज के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिल करवाया गया है वहीं दूसरे पक्ष से परमजीत सिंह और पलविंदर कौर भी घायल हुए। दोनों को इलाज के लिए हिसार के सर्वेश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया गया है कि इलाज के दौरान बुजुर्ग परमजीत सिंह की मौत की सूचना पुलिस के पास पहुंची तो पुलिस में हड़कंप फैल गया।

## रेलवे पार्क में उमड़ रहा योग साधकों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर के डबवाली रोड पर श्रीमत सिटी सेंटर के बगल में विकसित किए गए रेलवे पार्क में योग साधकों का हुजूम उमड़ रहा है। प्रतिदिन सुबह पांच बजे ही योग साधक यहां पहुंचने लगते हैं। महात्मा बुद्ध योग संस्थान के योगाचार्य नरेंद्र योगी योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवा रहें है, जिसका योग साधक पूरी साधना से निर्वहन कर रहे है। श्रीमत सिटी सेंटर की ओर से 15 जून से 21 जून तक साप्ताहिक योग शिविर का बीड़ा उठाया गया था। योग साधकों की भारी रूचि को देखते हुए संस्थान की ओर से इसे 28 जून तक बढ़ाया गया है। लोगों ने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। बड़ी संख्या में मातृ शक्ति सुबह-सवेरे योग करने के लिए रेलवे पार्क पहुंच रही है। इस पार्क की देखभाल और विकास का जिम्मा श्रीमत सिटी सेंटर ने उठाया हुआ है।



सिरसा। शिविर में योग करते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

### योग से शरीर रहता है स्वस्थ

योग साधकों को संबोधित करते हुए योगाचार्य नरेंद्र योगी ने योग साधकों से कहा कि वे अपने लिए योग अभ्यास करें। योग से शरीर स्वस्थ रहेगा। चूंकि स्वास्थ्य से बड़ी कोई दौलत नहीं है, इसलिए स्वयं का ध्यान रखें। अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। यह भारत की प्राचीन योग विद्या है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने वर्षों की तपस्या और अनुभव से हासिल किया है। योग शिविर के आठवें दिन योगाचार्य नरेंद्र योगी ने अर्ध तितली, पूर्ण तितली, घुटना संचालन, जानु शिरासन, वज्रासन एवं अनुलोम-विलोम का अभ्यास करवाया।

---

## बिजली के खंभों पर फ्लेक्स लगाने वालों को हिदायत, होगी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

टोहाना के नेशनल हाईवे 148 बी पर बिजली निगम और नगर परिषद के खंभों पर निजी अस्पतालों और कोचिंग सेंटरों द्वारा अवैध रूप से लगाए गए फ्लेक्स बोर्ड शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे हैं। बिजली विभाग के एसडीओ ने इन फ्लेक्स बोर्ड को लगाने वालों को हिदायत दी है। इस मामले में बिजली निगम के एसडीओ संजय सिंगला ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली के खंभों पर फ्लेक्स लगाना नियमों के विरुद्ध है और किसी भी संस्थान ने इसके लिए अनुमति नहीं ली है। एसडीओ सिंगला ने कहा कि ये फ्लेक्स पूरी तरह अवैध हैं। हम सभी संस्थानों से अपील करते हैं कि वे स्वयं इन्हें हटा लें, अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिंगला ने बताया कि इन अवैध फ्लेक्स के कारण लाइन स्टाफ को खंभों पर चढऩे में कठिनाई होती है। खंभे पर चढ़ते समय कर्मचारी के पैर फिसलने का खतरा बना रहता है, जो उनके लिए जानलेवा हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल विभाग का स्टाफ गर्मी और टूटे हुए खंभों की मरम्मत में व्यस्त है।

घंटों चले तलाशी अभियान का सुखद अंत, सकुशल बच्चियों को परिजनों से मिलवाकर लौटाई घर की मुस्कानें

संदिग्ध परिस्थितियों में कोई बच्चा दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सुचना दे : एसपी

# जब उम्मीद बनी खाकी : रतिया पुलिस ने कुछ ही घंटों में ढूंढ निकालीं दो नाबालिग बच्चियां

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

कभी-कभी कुछ घंटे भी परिवार के लिए वर्षों जैसे लगते हैं। जब घर के आंगन से बच्चों की किलकारियां अचानक थम जाएं, तो हर पल चिंता, बेचैनी और उम्मीद के बीच गुजरता है। ऐसे ही एक संवेदनशील मामले में फतेहाबाद पुलिस ने अपनी त्वरित कार्रवाई, मानवीय संवेदनशीलता और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए दो नाबालिग बच्चियों को महज कुछ ही घंटों में सकुशल तलाश कर उनके परिजनों से मिलवाया और एक परिवार की खोई हुई मुस्कान वापस लौटा दी।



रतिया। परिजनों को उनकी बच्चियां सौंपते पुलिस कर्मचारी।

### विशेष टीम का गठन

थाना सदर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक शीशपाल ने बताया कि गांव खूनन निवासी जसबिंद्र सिंह ने सूचना दी कि 22 जून को परिवार के मजदूरी पर जाने के दौरान घर पर मौजूद दो नाबालिग बच्चियां किसी कारणवश घर से चली गई थीं। रात करीब 10 बजे सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए उपनिरीक्षक सुषमा देवी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

### परिजनों ने पुलिस का जताया आभार

परिजनों ने पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर तथा सदर रतिया पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और मानवीय कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए पूरी फतेहाबाद पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निकिता खट्टर ने कहा कि प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा फतेहाबाद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी बच्चे के गुम होने की सूचना मिलते ही पुलिस पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कोई बच्चा भटका हुआ अथवा संदिग्ध परिस्थितियों में दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। समय पर दी गई एक सूचना किसी परिवार की खुशियां लौटाने और किसी बच्चे का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

लाइफ Style

# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल



एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रेंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

टीवी मसाला




# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'

**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है।



उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा

**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे।



इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि





कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर समाज्ञी' का टैग मिला था।*



### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

## फसलों के लिए नहरी पानी की कमी बर्दाश्त नहीं : नथवान

# नहरी विभाग पर बरसे किसान एसई दफ्तर का किया घेराव

### सरकार से समस्याएं दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। नहरी विभाग के अधिकारी से बातचीत करते किसान।

नहरी पानी की मांग को लेकर आज फतेहाबाद के भट्टू रोड स्थित नहरी विभाग के एसई दफ्तर में सैंकड़ों किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, जिला कमेटी फतेहाबाद के आह्वान पर आयोजित इस रोष प्रदर्शन में जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सिंचाई मंत्री के नाम विभाग के उच्च अधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का स्थाई समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान ओमप्रकाश मंडा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने नहरी पानी की घोर कमी पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज खेतों में सिंचाई के लिए पानी की भारी कमी है, जिसके कारण किसानों की फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी मुख्य मांग है कि सभी नहरों व माइनरों में पर्याप्त पानी का प्रबंध करवाया जाए। इसके साथ ही सभी माइनरों में दो सप्ताह चालू व एक सप्ताह बंदी का सिस्टम चलाया जाए, ताकि हर क्षेत्र तक पानी पहुंच सके। मनदीप नथवान ने कहा, विभाग की लापरवाही के चलते भिरड़ाना माईनर में पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है और खेतों में खाल बनाने की मांग भी लंबे समय से लटकी हुई है। इसके अलावा पिछले काफी समय से 68500 ठोबा सब माईनर बंद पड़ी है, जिसे नया बनवाना बेहद जरूरी है। हमारी मांग है कि सभी नहरों की सफाई का विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे नहरें टूटने का खतरा कम हो सके।

**समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

अगर प्रशासन और सरकार ने इन सभी समस्याओं को जल्द दूर नहीं किया, तो किसान सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर किसान नेता ओमप्रकाश हसंगा, कमल बरार, महेंद्र सिंह, मलकीत उप्पल, सुरजीत उप्पल, लवी बाठ, अमन बाठ, निशान सिंह, गुरविंदर सिंह, कपिल, छबील दास, रूप सिंह, सुखपाल सिंह, हरदेव सिंह, निछतर सिंह और गुरपाल सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## आठ शोधार्थी पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने परीक्षकों के बोर्ड व शोध समिति की अनुशंसा पर आठ शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजकुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित रिसर्च डिग्री कमेटी की बैठक में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के इंदरजीत सिंह, लोक प्रशासन विभाग के सुशील कुमार एवं गीता, अर्थशास्त्र विभाग की ममता रानी, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग की सोनिका, शिक्षा विभाग के सुशील कुमार तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के कुलदीप सिंह और दविंद्र सिंह को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया गया है।

# लेफ्टिनेंट बनकर ध्रुव कौशिक ने बढ़ाया रतिया का मान

### पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


रतिया। धुरव कौशिक को बधाई देते पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा।

रतिया के युवा ध्रुव कौशिक के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस गोरवपूर्ण उपलब्धि पर पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर ध्रुव कौशिक को मिठाई खिलाई तथा उन्हें और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। लक्ष्मण नापा ने कहा कि ध्रुव कौशिक की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में अधिकारी बनना केवल एक नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च अवसर है। ध्रुव ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल कर अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे रतिया क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जब कोई युवा देश की रक्षा के लिए सेना की वर्दी पहनता है तो वह पूरे समाज के लिए गर्व का विषय बन जाता है। ध्रुव कौशिक की उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी देश सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर ध्रुव कौशिक के पिता अजय कौशिक एवं परिवार के सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# लखनऊ अग्निकांड पर भवानी सिंह ने जताया दुख

**फतेहाबाद।** लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में लगी भीषण और दर्दनाक आग में 15 बच्चों की मौत पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नशामुक्ति सेना के संस्थापक भवानी सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हृदयविदारक हादसे में मारे गए निर्दोष लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए



इसे एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आंखें खोलने वाली घटना बताया। भवानी सिंह ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि ऐसे हादसों को सिर्फ किस्मत का खेल मानकर नहीं छोड़ा जा सकता, बल्कि इसके लिए पुख्ता इंतजाम बेहद जरूरी हैं। भवानी सिंह ने लखनऊ की इस भयावह घटना से सबक लेते हुए फतेहाबाद जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के सामने विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर तुरंत कड़े कदम उठाने की अपील की है। भवानी सिंह ने कहा कि लखनऊ का यह अग्निकांड एक बेहद गंभीर चेतावनी है। प्रदेश में चल रहे तमाम शैक्षणिक और कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला प्रशासन को तुरंत एक्शन मोड में आते हुए जिले के सभी छोटे-बड़े इंस्टीट्यूट की जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां आग लगने की सूरत में आपातकालीन निकास और बचाव के सभी पुख्ता प्रबंध उपलब्ध हों। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक ने इस दिशा में एक ठोस पहल करते हुए फायर सर्विस विभाग को भी पत्र लिखा है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि फतेहाबाद के सभी कोचिंग सेंटरों और शिक्षण संस्थानों में विशेष ट्रेनिंग कैंप आयोजित किए जाएं।

## शिव नगर के श्री गो गोपाल मंदिर में कल होगा विशाल मां भगवती जागरण

**फतेहाबाद।** शिव नगर स्थित श्री गो गोपाल मंदिर में 25 जून वीरवार को सर्व श्री ज्वाला जी भजन मंडल के तत्वावधान में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम स्वामी विज्ञान प्रेमानंद के पावन सानिध्य में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर शिव नगर व मातूराम कॉलोनी के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों के अनुसार जागरण का आयोजन श्री गो गोपाल मंदिर, गली नंबर-4, शिव नगर, फतेहाबाद में किया जाएगा। रात्रि 9:15 बजे ज्योति प्रचंड की जाएगी, जिसके बाद भजन-कीर्तन और माता रानी के गुणगान का सिलसिला पूरी रात जारी रहेगा। कार्यक्रम में मां भगवती का भव्य दरबार सजाया जाएगा तथा मनमोहक धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम में माता सत्यम देवा की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी। जागरण में भजन प्रवाहक के रूप में पवन नारंग व अमित मुंजाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विशेष उपस्थिति में रिंकू खन्ना, बिट्टू द्वारका सिरसा, करण रसिया, भरत भैया तथा उभरते कलाकार लविश चोपड़ा श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

# गुरुसर स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

श्री गुरुसर स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक व धार्मिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह दौरा एकेडमी के कोच हरदीप सिंह बोला और छिंदरपाल कौर बोला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस भ्रमण के दौरान एकेडमी के बच्चों ने विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक और शैक्षणिक स्थलों का दौरा किया। बच्चों ने प्रसिद्ध दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के घर, गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो, श्री दमदमा साहिब, तख्त-बुंगा मस्तूआना साहिब, गुरुद्वारा लिखनसर साहिब और बेर साहिब आदि प्रमुख स्थानों के दर्शन किए और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। इस यात्रा के दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी कुलदीप कौर, निर्मल सिंह और खुशदीप कौर ने सभी छोटे बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनका सहयोग किया। इससे पहले, सुबह के समय सभी खिलाडि़यों को बलवीर सिंह खोसा द्वारा हरी झंडी दिखाकर छतरी चौक से रवाना किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों के जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और खेलों के साथ-साथ ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों की बेहद आवश्यकता है।

# एडीसी ने गांव रामगढ़ का दौरा कर विकास कार्यों व जन सुविधाओं को जांचा

### मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली


सिरसा। गांव रामगढ़ में वाटर वर्क्स का निरीक्षण करते एडीसी।

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने मंगलवार को उपमंडल डबवाली के गांव रामगढ़ का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों एवं जन सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं तय समयावधि में पूरे किए जाएं ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। दौरे के दौरान एडीसी ने गांव की लाइब्रेरी, चौपाल, जोहड़, वाटर वर्क्स, गलियों में बनाए गए सोखता गड्ढों तथा सीवरेज व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं, चौपाल की उपयोगिता तथा जोहड़ की साफ-सफाई एवं रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वाटर वर्क्स की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

**ये दिए निर्देश**

सभी परियोजनाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीडीपीओ हरीश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार, ग्राम सचिव देवीलाल सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्री सनातन धर्म मंदिर का तृतीय वार्षिक महोत्सव 25 से

- सभी श्रद्धालुओं से सत्संग में भाग लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हुडा सेक्टर-3 स्थित श्री सनातन धर्म मन्दिर में आगामी 25 और 26 जून को तृतीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय धार्मिक उत्सव को लेकर मंदिर समिति और सेक्टर वासियों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर ट्रस्ट एवं समस्त सेक्टरवासियों की ओर से किया जा रहा है। धार्मिक महोत्सव में तपोवन, हरिद्वार से पधारे गीता ज्ञानेश्वर गुरूदेव डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज का पावन सानिध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, 25 जून को सुबह 8 बजे विशेष पूजन एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक श्री सुंदर काण्ड पाठ एवं दिव्य सत्संग होगा। दूसरे दिन, 26 जून को शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक 108 संकट मोचन पाठ एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। दोनों ही दिन सत्संग की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद की विशेष व्यवस्था रहेगी। सेक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर ट्रस्ट और समस्त सेक्टरवासियों ने फतेहाबाद और आसपास के सभी इस दिव्य सत्संग और लंगर प्रसाद में शामिल होकर पुण्य का भागीदार बनने की अपील की है।

## किसानों को आज मिलेगा निःशुल्क मूंगफली बीज

**फतेहाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित तिलहन योजना के अंतर्गत फतेहाबाद खंड के किसानों को मूंगफली की खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 24 जून को प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक निःशुल्क मूंगफली बीज वितरित किया जाएगा। यह बीज वितरण कार्यक्रम स्मार्ट किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, हसंगा के माध्यम से कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में आयोजित किया जाएगा। उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को मूंगफली की उन्नत खेती अपनाने और तिलहन फसलों के क्षेत्रफल में वृद्धि करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। बीज वितरण सिरसा रोड स्थित फतेहाबाद की नई अनाज मंडी में 481 नंबर गोदाम से किया जाएगा।

# लायंस क्लब भूना सिटी की कार्यकारिणी का गठन, गोरव मेहता बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना


भूना। गोरव मेहता, विजय महता और विपिन मेहता।

लायंस क्लब भूना सिटी की बैठक प्रधान गोरव खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। क्लब सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजसेवा के कार्यों को नई गति देने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों का चयन किया। बैठक में गोरव मेहता को क्लब का नया प्रधान चुना गया] वहीं विजय मेहता को सचिव तथा विपिन मेहता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा सुशील मलिक को जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया। क्लब की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए राजू मोंगिया और प्रवीण लीखा को उपप्रधान बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब भूना सिटी भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद लोगों की सहायता से जुड़े सामाजिक कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाएगा। साथ ही युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे।

# पंजाबी साहित्य सभा कालांवाली ने लगाया कहानी दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली



पंजाबी साहित्य सभा कालांवाली ने शहीद भगत सिंह पब्लिक लाइब्रेरी में दूसरा कहानी दरबार आयोजित किया। कहानी दरबार में विश्व प्रसिद्ध कहानीकार केसरा राम ने अपनी कहानी वायरस पढ़ी। इसके बाद बलविंदर सिंह भुल्लर ने अपनी कहानी सपर्म और दर्शन जोगा ने अपनी कहानी शुक्र है पढ़ी। इन सभी कहानियों में सामाजिक बुराइयों की आलोचना की गई और समाज से इन बुराइयों को मिटाने का संदेश दिया गया। इन कहानियों पर चर्चा में प्रिंसिपल हरभगवान चावला, जसपाल मानखेड़ा, डॉ. हरविंदर सिंह सिरसा, डॉ. गुरप्रीत सिंह सिंधरा, डॉ. मांगा राम, मुलख सिंह पिपली और बंता सिंह बडिंग, मा. सुरिंदरपाल सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी कहानीकारों को सभा की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कहानी दरबार के दूसरे चरण में अमृत बंगे बठिंडा, करनैल सिंह असपाल, गुरसेवक कमाल, रवि सागर, गुरदर्शन सिंह, कुलविंदर सिंह पालना, सिकंदर सिंह सिद्धू, मा. सुरिंदरपाल सिंह ने अपनी कविताओं और गीतों से माहौल को और भी शानदार बना दिया। इस अवसर पर हरदेव सिंह अगरोइया, मा. बूटा सिंह, मा. अमरजीत सिंह गुदराना, धरमिंद्र सिंह मानसा, मक्खन सिंह प्रधान, जग्गा जगमालवालिया, मंदीप मिंटा ओढां, रणवीर राणा बठिंडा, हरि कृष्ण भोडीपुरा आदि मौजूद रहे।

## कॉपर तार और स्टार्टर चुराने पर दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक राइस शैलर में हुई चोरी की वारदात का पटाक्षेप करते हुए थाना जाखल पुलिस ने दो आरोपियों को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मास्टर कॉलोनी, जाखल निवासी प्रदीप उर्फ खब्बु पुत्र पटवारी तथा बाजीगर बस्ती, जाखल निवासी अजय पुत्र लाली के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि जाखल मंडी निवासी अनिल कुमार पुत्र वेद प्रकाश ने पुलिस को एक लिखित शिकायत दी थी। अनिल कुमार ने बताया कि वह बलरां रोड पर स्थित भारत कॉटन फैक्ट्री में राइस शैलर का संचालन करता है। बीते 20 जून की रात करीब 8 बजे वह अपनी फैक्ट्री को ठीकठाक बंद करके घर चला गया था। लेकिन अगली सुबह उसने देखा की वहां से 25 एमएम की लगभग 65 फीट कीमती कॉपर तार और स्टार्टर उड़ा ले गए।

# परिवार पहचान पत्र में आयु एवं आय विवरण सत्यापित करवाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) में प्रत्येक नागरिक की आयु व आय विवरण का सत्यापन होना आवश्यक है, ताकि पात्रता अनुसार उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। आय व आयु सत्यापन के लिए नागरिक को किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है और न ही जिला कार्यालय आने की आवश्यकता है। वैध दस्तावेज के साथ सभी नागरिक ऑनलाइन आवेदन घर बैठे स्वयं या सीएससी के माध्यम से कर सकते हैं। क्रीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रविंद्र कुमार ने बताया कि जिनकी आयु सत्यापित नहीं है, उन्हें विभाग द्वारा आमजन के मोबाइल नंबरों पर परिवार पहचान पत्र में आयु सत्यापित न होने संबंधी संदेश भेजे जा रहे हैं। जानकारी के अभाव में कई नागरिक जिला कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं और उन्हें अनावश्यक परेशानी हो रही है। आयु सत्यापन एवं अन्य आवश्यक संशोधनों से संबंधित पोर्टल एक जुलाई से सुचारू रूप से संचालित होगा।

**सही आय का विवरण दर्ज करवाएं**

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि नागरिक अपने गांव या वार्ड में स्थापित किसी भी अटल सेवा केंद्र पर जाकर परिवार पहचान पत्र में आयु सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए वर्ष 2019 से पूर्व का मतदाता पहचान पत्र, वर्ष 2019 से पूर्व की मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एसएलसी) सहित स्कूल रिकॉर्ड, मैट्रिक की डीएमसी अथवा जन्म प्रमाण पत्र में से कोई एक दस्तावेज परिवार पहचान पत्र के करेक्शन मॉड्यूल के माध्यम से अपलोड करवाना होगा। इसके साथ ही नागरिकों से परिवार पहचान पत्र में अपनी सही आय का विवरण दर्ज करवाएं, ताकि विभाग द्वारा उनकी वास्तविक आय का सही सत्यापन किया जा सके।

### पुनरीक्षण अभियान को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने से न रहें वंचित: उपायुक्त

- सभी राजनीतिक दल अपने बीएलए की सूची कल तक जिला निर्वाचन कार्यालय, सिरसा में उपलब्ध करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के लिए चलाए जा रहे पुनरीक्षण कार्य की प्रगति एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 22 सितंबर तक पूर्ण किया जाना है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने से वंचित न रहे तथा अपात्र, मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक राजनीतिक दल द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जाने हैं। सभी राजनीतिक दल अपने बीएलए की सूची 25 जून तक जिला निर्वाचन कार्यालय, सिरसा में उपलब्ध करवाएं, ताकि पुनरीक्षण कार्य के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक सहयोग प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी, बूथवार तैयार की गई सूचियां राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ साझा करेंगे तथा उन पर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। बूथवार सूचियां निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**22 जून तक 88 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र किए वितरित**

इसके अतिरिक्त बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित कर संबंधित सूचियां एजेंटों को उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि प्रत्येक मतदाता की वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जा सके और किसी भी त्रुटि को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व ही दूर किया जा सके। गणना प्रपत्रों के वितरण संबंधी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिले के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा 22 जून तक लगभग 88 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं तथा शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद भरे हुए गणना प्रपत्र मतदाताओं से प्राप्त किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### आदर्श सहकारी एनएटीसी समिति में गबन के आरोप

**सिरसा।** सहकारी समितियां सिरसा के सहायक रजिस्ट्रार द्वारा दि सिरसा आदर्श सहकारी एनएटीसी समिति में गबन की आशंका जताते हुए एफआइआर दर्ज करने की अनुशंसा की है। पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में बताया गया है कि उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां हिसार से पुलिस में एफआइआर दर्ज करवाने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। सहायक रजिस्ट्रार की ओर से भेजे गए पत्र में समिति के पास पैसा जमा करवाने वालों की पूंजी के गबन की आशंका जाहिर की गई है। पत्र में बताया गया है कि हलका निरीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि कई जमाकत्र्ताओं की ओर से शिकायत आई है।

### रोड रोलर की बैटरी चुराने का आरोपी काबू

**ओढां।** बडागुढ़ा थाना पुलिस ने रोड रोलर की बैटरी चुराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। बडागुढ़ा थाना प्रभारी लाभ सिंह ने बताया कि पुलिस को गांव लक्कड़ांवाली निवासी गुरदिता सिंह ने बताया कि वह मिस्त्री का काम करता है। बीती 21 जून की रात्रि को टेक्निकल खराबी के चलते रोड रोलर उनकी दुकान के बाहर खड़ा किया गया था। इस दौरान रात्रि में मौके का फायदा उठाकर अज्ञात युवक रोड रोलर की बैटरी चोरी कर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना बडागुढ़ा में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। पुलिस टीम ने जांच के दौरान आरोपी गुरमीत सिंह को गिरफ्तार कर रोड रोलर की बैटरी बरामद कर ली है।

### भूना कॉलेज में 30 को आवासीय फुटबॉल खेल अकादमी की ट्रायल

**फतेहाबाद।** जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा जिला फतेहाबाद के भूना में फुटबॉल खेल की आवासीय खेल अकादमी संचालित की जा रही है। नए खिलाड़ियों के चयन के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल 30 जून को राजकीय महाविद्यालय, भूना में आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल फुटबॉल के प्रशिक्षक जसमेर सिंह की देखरेख में संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को विभाग की ओर से आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा खिलाड़ियों के रहन-सहन, भोजन व्यवस्था तथा खेल किट सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विभाग द्वारा उपलब्ध की जाएंगी।

### धूमधाम से मनाया अशोक बुवानीवाला का जन्मदिन

**फतेहाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज जिला इकाई फतेहाबाद द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का जन्मदिन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। समारोह में जिला व स्टेट कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भाग लेकर प्रदेश अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ, जिला प्रधान राजेंद्र मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन, प्रदेश मंत्री ललित गोयल, प्रदेश प्रवक्ता सुशील बंसल, सह मंत्री अजय तायल, जिला महासचिव वीरेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष विपिन गोयल, महिला जिला प्रधान दीपिका बंसल, शिव कुमार गुप्ता, लवकेश मित्तल, अजय मंगल, रमेश मित्तल, मनोज आदि थे।

## दुकानदारों और व्यापारियों ने की नारेबाजी, चेयरमैन पहुंचे जायजा लेने

# शहरवासियों के लिए जी का जंजाल बना स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट

**चेयरमैन ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार से काम बंद करने पर जवाब किया तलब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




सिरसा। प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

रोड़ी बाजार में स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट के तहत डाली जा रही पाइपलाइन का कार्य पिछले एक सप्ताह से बंद होने के कारण व्यापारी व दुकानदारों के साथ-साथ आम जनमानस भी परेशान हैं। व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा जताए गए रोष के बाद मंगलवार की सुबह नगर परिषद के चेयरमैन वीर शांति स्वरूप मौके पर पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को मौके पर बुलाया और काम बंद करने बाबत जवाब तलब किया। नगर परिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप ने व्यापारियों व दुकानदारों से कहा कि उन्हें स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट से कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। व्यापारियों व दुकानदारों का हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों व दुकानदारों को आश्वस्त किया कि व्यापार मंडल और व्यापारियों की सहमति से आगे का कार्य किया जाएगा। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष हीरालाल शर्मा व शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने कहा कि व्यापारियों व दुकानदारों के रोष जताने पर आज नगर परिषद चेयरमैन दुकानदारों के बीच मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग पहले ही महामंदी की मार झेल रहा है और आवागमन बाधित होने से व्यापार ठप हो गया है। बार-बार अवगत करवाने के बाद भी सुनवाई न होने पर व्यापारियों ने खुलकर अपने रोष का इजहार किया और प्रशासन को दुकानें बंद कर चाबियां सौंपने की चेतावनी दी, जिसके बाद प्रशासन के साथ-साथ नगर परिषद के अधिकारी जागे और मंगलवार की सुबह ही चेयरमैन वीर शांति स्वरूप व्यापारियों की सुध लेने के लिए रोड़ी बाजार में मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापार मंडल को आश्वासन दिया है कि व्यापारियों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपप्रधान चंद्र यश जैन, महासचिव सुरेश गोयल, व्यापार मंडल के उपप्रधान प्रेम गुप्ता, नरेश जिंदल, सतीश गोयल, महासचिव अश्वनी बंसल, प्रवीन महिपाल, विरेंद्र जैन, भीम सिंगला कोषाध्यक्ष, अमित गाबा, अशोक सोनी, पुरुषोतम गर्ग, सुरेंद्र जैन, हेमंत मेहता, आकाश मुंजाल, ओमप्रकाश लूना, तरूण बतरा, नरेश कक्कड़, अविनाश गुप्ता, सुमित जैन, पंकज पारीक, सतीश शर्मा, मोहनलाल अरोड़ा, राजन अरोड़ा, बसंत जैन, खजाजचंद, संजय लूना, विक्की सैनी, प्रेम गांधी, पंकज केडिया, भारती व राजकुमार सहित अन्य दुकानदार मौजूद थे।

## परीक्षाओं में धांधली, युवाओं का सिस्टम से भरोसा उठा : चौटाला



फतेहाबाद। इनेलो में शामिल होने वाले युवाओं का स्वागत करते सुनैना चौटाला।

- इनेलो पार्टी में विभिन्न दलों से सैकड़ों छात्रों ने शामिल होने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद में आज इनेलो को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर दर्जनों युवाओं ने पार्टी में शामिल होने का ऐलान कर दिया। इनेलो नेता अमित खरक पुनिया के विशेष प्रयासों की बदौलत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित इस जॉइनिंग कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचीं महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने सभी युवाओं को पार्टी का पटका पहनाकर इनेलो परिवार में शामिल किया। पार्टी का दामन थामने वाले प्रमुख युवाओं में राजेश पूनिया राजू, अंकित कुमार बोदीवली, सूर्या प्रकाश बोदीवाली, किरमल सिंह बबनपुर ढाणी, अंकित कुमार अलीपुर बरोटा, दिनेश धरनिया, राहुल डांगर, दीपक सिरढान, सोनू धांगड़, जतिन धांगड़, अमित सिरढान, सागर रतिया, मुकेश बिश्नोई फतेहाबाद, दीपक पुनिया ढाणी बींगा लांबा, रघुवीर पुनिया, प्रीतम, बिल्लू जांगड़ा, अनिल, मांगेराम शामिल है।

**युवाओं का इनेलो मे मोह**

महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा, आज देश और प्रदेश का युवा इनेलो की जनहितैषी नीतियों में अपनी आस्था जता रहा है। अमित खरक पुनिया के प्रयासों से आज इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का पार्टी से जुडना इस बात का प्रमाण है कि युवा वर्ग मौजूदा सरकार और अन्य राजनीतिक दलों की नीतियों से पूरी तरह निराश हो चुका है। आज युवाओं को रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले ने देश के लाखों होनहार छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है।

## देश व प्रदेश में अवैध नशा तस्करी कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती: अजय सिंह

- नशीले पदार्थों के सेवन से हृदय व लीवर की बीमारी का बढ़ता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। शिविर में भाग लेती आशा वर्कर।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोसिंघाना में एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य अजय सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में शराब, अफीम, हेरोइन, स्मैक, गांजा, भुक्की, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट तथा विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करती है। विशेषज्ञों ने बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन करने से हृदय रोग, फेफड़ों के रोग, लीवर की बीमारी, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मस्तिष्क संबंधी विकार, स्मरण शक्ति में कमी, अवसाद, चिंता, आत्महत्या की प्रवृत्ति तथा विभिन्न मानसिक रोगों का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक नशा करने वाले व्यक्तियों में निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाती है और उनका व्यवहार असामान्य हो सकता है। शिविर में बताया कि नशे का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका परिवार भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है।

### माहेश्वरी चैरिटी ट्रस्ट ने मनाया वंशोत्पत्ति दिवस

**सिरसा।** माहेश्वरी चैरिटी ट्रस्ट की ओर से माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता राम माहेश्वरी ने बताया कि इस अवसर पर रानियां रोड स्थित माहेश्वरी भवन में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश के पूजन एवं आराधना के साथ हुई। आचार्य के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई गई तथा समाज और विश्व के सर्वमंगल की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने समाज की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यह दिवस समाज की एकता, संस्कृति और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने नई पीढ़ी से समाज के संस्कारों और मूल्यों को अपनाने का आह्वान भी किया।

## टोहाना में दुकान से नकदी उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, 40 हजार बरामद

- 18 जून को करीब 10 बजे चोरी किया था दुकान से पैसों का बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। टोहाना में हुई चोरी मामले में गिरफ्तार युवक।

थाना सदर टोहाना पुलिस ने चोरी की एक वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक शातिर आरोपी को दबोचा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिसार जिले के मिर्चपुर निवासी सन्नी पुत्र कृष्ण के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 40 हजार रुपये की नकदी और एक मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि कुलां चौक पर कन्फेक्शनरी की दुकान चलाने वाले मुकेश कुमार पुत्र रूपचंद ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, बीती 17 जून को सिवानी बोलान निवासी ईश्वर सिंह ने मुकेश को उसकी दुकान पर 67 हजार रुपये दिए थे। मुकेश ने इस भारी-भरकम रकम को एक बैग में रखकर दुकान के भीतर सुरक्षित रख दिया था। लेकिन अगली ही सुबह यानी 18 जून को करीब 10 बजे किसी अज्ञात शातिर ने नजर बचाकर दुकान से रुपयों से भरा वह बैग पार कर दिया। दिनदहाड़े हुई चोरी की इस वारदात से इलाके में हडक़ंप मच गया था। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने जब तकनीकी इनपुट्स और गोपनीय सूचनाओं का जाल बिछाया, तो संदिग्ध सन्नी पुलिस के रडार पर आ गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सन्नी को धर दबोचा। गहनता से ली गई तलाशी के दौरान उसके पास से 40 हजार रुपये कैश और मोबाइल फोन बरामद हुआ।

## देश की एकता व अखंडता के लिए मुखर्जी ने दिया बलिदान : प्रवीन

- कभाजपा ने जिले के 708 बूथों पर मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भाजपा द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मंगलवार को जिले के सभी 708 बूथों पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान के विरोध में डॉ. मुखर्जी ने जो संघर्ष किया, वह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे डॉ. मुखर्जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा राष्ट्र सेवा के मार्ग पर निरंतर कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आज उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जिले के विभिन्न मंडलों पर आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की।

## एचएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर्स ने की बैठक, समस्याओं पर बुलंद की आवाज

- जेई को ब्रेक डाउन अटेंड व रिकवरी के गाड़ी न मिलने का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। एचएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर्स मीटिंग में समस्याओं पर चर्चा करते हुए।

एचवीपीएन पदाधिकारियों मंगलवार को बैठक हुई, जिसमें विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में जेई को ब्रेक डाऊन अटेंड करने तथा रिकवरी करने के लिए कोई गाडिय़ां उपलब्ध न कराना, जेई को हैंड रशीदों के पैसे भी न मिलना, ट्रांसफार्मर में डालने के लिए स्टोर में तेल व अन्य जरूरी सामान उपलब्ध न होना आदि समस्याओं पर विचार किया गया।

पदाधिकारियों ने निगम से ट्रांसफार्मर की ऑनलाइन एंट्री के लिए जेई को लैपटॉप उप्लब्ध करवाने, फील्ड स्टाफ की कमी को पूरा करने तथा दफ्तरों में बैठे तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में लगाए जाने तथा जेई के हो शोषण को रोकने की मांग की। बैठक में मांग की गई कि निगम जेई को निगम द्वारा निर्धारित दायित्व सौंपा जाए तथा जेई साथियों के विरुद्ध हो रहे शोषण को रोकने तथा शो-काज व चार्जशीट के नाम पर किये जा रहे अन्याय को रोकने की मांग की। इस मौके पर हरमीत सिंह, विकास खुराना, गोपाल मोहन उपाध्याय, इन्द्रजीत असीजा, बृजपाल, बृजलाल, पवन गाट, अशोक गांधी, भूपेंद्र कंबोज आदि मौजूद थे।

## लगातार बढ़ती अग्निकांड की घटनाएं चिंता का विषय: सैलजा

- प्रदेश में सुरक्षा संबंधी नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भीषण अग्निकांड की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि समय रहते सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू किया जाता और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी होती, तो अनेक निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सकती थी। कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्ष 1995 के डबवाली अग्निकांड ने पूरे विश्व को झकझोर दिया था। उस त्रासदी के बाद अग्नि सुरक्षा संबंधी अनेक नियम, कानून और दिशा-निर्देश बनाए गए, लेकिन दुर्भाग्य से उनका प्रभावी क्रियान्वयन आज भी सुनिश्चित नहीं हो पाया है। यही कारण है कि समय-समय पर देश के विभिन्न हिस्सों में दर्दनाक हादसे सामने आते रहते हैं। सांसद ने कहा कि दक्षिण भारत में धार्मिक समारोहों के दौरान हुए अग्निकांड, मेरठ के विक्टोरिया पार्क में लगी आग, दिल्ली के होटल अग्निकांड,तथा हाल ही में लखनऊ के एक कोचिंग संस्थान में आग लगने से हुई युवाओं की मौतें इस बात का प्रमाण हैं कि अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी भी गंभीर कमियां बनी हुई हैं। सासंद ने कहा कि पिछले कई वर्षों में प्रशासनिक जवाबदेही कमजोर हुई है और भ्रष्टाचार के कारण अनेक स्थानों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती रही है।

### गिल बने कर्मचारियों की तालमेल कमेटी के प्रधान

**सिरसा।** जिला नागरिक अस्पताल में विभिन्न कर्मचारी संगठनों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, मांगों एवं उनके समाधान हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने के उद्देश्य से एक तालमेल कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस बैठक में नर्सिंग एसोसिएशन, फामेर्सी एसोसिएशन, एक्स-रे कर्मचारी संगठन, एम.पी.डब्ल्यू. मेल एवं फीमेल संगठन सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी संगठनों की सहमति से प्रधान अमित गिल, उप-प्रधान राजविंद्र कौर एवं अमित, सचिव विजय धींगड़ा, संयुक्त सचिव नसीब सिंह, कैशियर सीमा रानी एवं हरजीत कौर व प्रेस सचिव राजकुमार भारद्वाज को नियुक्त किया गया। इस समिति में गायत्री देवी, दर्शना, जागप्रीत सिंह, मदन, हेमंत कुमार को शामिल किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित तालमेल कमेटी कर्मचारियों की जायज मांगों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएगी तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

# गरीबों के घरों पर बुलडोजर बर्दाश्त नहीं, नोटिस वापस ले सरकार: सिंह

**जोहड़ की जमीन पर बसे लोगों को सरकार ने दी थी पक्की गली व सीवरेज की सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



बलवान सिंह दौलतपुरिया।

जोहड़ की जमीनों पर बसे गरीब परिवारों को बेदखली के नोटिस थमाए जाने के मुद्दे पर सूबे की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने प्रदेश की भाजपा सरकार के इस कदम को सरासर तानाशाही और अमानवीय करार दिया है। उन्होंने दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने गरीबों के घर उजाडऩे के इस फैसले और नोटिसों को तुरंत वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी प्रभावित लोगों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से एक बड़ा और उग्र आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी।

विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि फतेहाबाद के भूना क्षेत्र सहित पूरे हरियाणा में दशकों से रह रहे गरीब परिवारों को बेघर करने का हुक्म सुना दिया गया है। सरकार के इस दोहरे रवैये को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार की घोर हठधर्मिता है। पहले तो इसी सरकार ने इन इलाकों में बिजली-पानी के कनेक्शन दिए, सीवरेज डलवाए और पक्की गलियां बनवाईं। हद तो यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन्हीं लोगों को मकान बनाने के लिए ढाई-ढाई लाख रुपये की सरकारी सहायता राशि भी दी गई। जब सरकार खुद इन गरीब परिवारों को यहां बसने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी, तब अधिकारी कहां सोए हुए थे। अगर सरकार उस समय सावधान होती, तो आज लाखों परिवारों पर यह संकट न आता। दौलतपुरिया ने मांग की है कि मुख्यमंत्री को मानवता के आधार पर इस गंभीर समस्या का समाधान निकालना चाहिए। जिस तरह शामलात और लाल डोरे की जमीन पर उपायुक्त के माध्यम से आम जनता को मालिकाना हक देने की पावर दी गई है, ठीक उसी तर्ज पर एक विशेष नीति बनाकर इन जोहड़ की जमीनों पर बने मकानों का मालिकाना हक दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को ये नोटिस थमाए गए हैं, उनमें से अधिकांश मेहनतकश मजदूर, छोटे किसान हैं, जिन्होंने अपनी खून-पसीने की कमाई इन आशियानों को बनाया है।

**विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए सरकार**

दौलतपुरिया ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लाखों परिवारों के सिर पर बेघरी की तलवार लटकाना सरासर नाजायज है। सरकार को तुरंत सही दिशा में कदम उठाते हुए या तो विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहिए या फिर कैबिनेट की अर्जेंट मीटिंग बुलाकर इन लाखों परिवारों के हित में मालिकाना हक देने का ऐतिहासिक फैसला लेना चाहिए। उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस पार्टी हर मोड़ पर इन गरीब परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके आशियानों पर किसी भी कीमत पर आंच नहीं आने देगी।

### आईटीआई में रोजगार मेला, 122 ने लिया भाग

- 48 छात्रों का साक्षात्कार के माध्यम से हुआ चयन

**भट्टूकलां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोडिया खेड़ा में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में अरिहंत स्पिनिंग मिल्स, मलेरकोटला के प्रतिनिधि दसवीं, बारहवीं तथा आईटीआई के छात्रों को रोजगार प्रदान करने हेतु उपस्थित हुए। इस रोजगार मेले में कुल 122 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 48 छात्रों का साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार हेतु चयन किया गया। इस रोजगार मेले में ईश्वर गुर्जर, गोल्डी सिंह एवं अनु भारद्वाज कंपनी प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।